

# 12 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

## अब 13 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह





Bharatsamman.com | Bharat samman | भारत सम्मान NEWS | RNI No. CHHHIN/2011/38292 | हो जाओ सावधान... | Bharat Samman

वर्ष-13 अंक-151 — अम्बिकापुर, शुक्रवार, 24 नवम्बर 2023 — कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.


# सरगुजा पुलिस इन दिनों सुर्खियां बटोर रही है, जानिए आखिर क्यों?




# क्या कोतवाली पुलिस आरोपियों को संरक्षण देने के लिए है या फिर लोगों को न्याय देने के लिए?

## पुलिस से सांठ-गांठ होने के कारण आरोपियों के हौसले बुलंद

## आदर्श आचार संहिता का फायदा उठाकर आरोपियों ने किया हमला

## दो दिन के बाद भी आरोपी पुलिस के गिरफ्त से बाहर!

# आरोपियों ने एक युवक को इतना मारा था कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज में एडमिट करना पड़ा

### क्या रहा चर्चा का विषय

- अंबिकापुर के सीएसपी स्मृतिक राजनाला के सामने घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज का कोई महत्व नहीं
- घटना के विवेचक सतीश उपाध्याय के विवेचना से प्रार्थी को नहीं मिल सकता न्याय? प्रार्थी ने लगाया आरोप
- आरोपियों को पकड़ने में कोतवाली पुलिस के स्थानीय आरक्षकों को माना जाता है रोड़ा
- आरोपियों के मोबाइल लोकेशन वगैरह को सर्च करने में अमूमन नाकाम रहता है सरगुजा साइबर सेल
- क्या अंबिकापुर कोतवाल के छुट्टी में रहने व आदर्श आचार संहिता में आरोपियों को अपराध करने का मिला है छूट?

**भारत सम्मान/न्यूज**

**अंबिकापुर।** जिले के अंबिकापुर शहर की कोतवाली पुलिस के कार्यप्रणाली पर उठ रहा सवाल और सवाल भी उठे तो क्यों ना क्योंकि इनकी कार्यप्रणाली ही है न्याय के विरुद्ध है? एक ऐसा ही मामला सामने आया है जिसमें कोतवाली पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवाल उठना लाजिमी है। मतदान दिवस के दिन एक युवक के साथ आदतन अपराधियों की नोंक-झोंक हो गई जिस पर आदतन अपराधियों ने उसे युवक को गाली -गलौज की जिस पर युवक ने कोतवाली थाना में जाकर इसकी शिकायत दर्ज कराई पर शिकायत की कॉपी मिली भी नहीं और पावती के लिए 1 घंटे बाद बुलाया गया, जब 1 घंटे बाद युवक सिटी कोतवाली जा रहा था कि इसी बीच आदतन अपराधियों ने उस पर प्राणघातक हमला कर दिया युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दो-तीन युवकों ने लोहे के रॉड व डंडे से बहुत मारा जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया और नाक से खून भी निकलने लगा और जबड़ा भी टूट गया, जिला अस्पताल ले जाने के बाद उनके परिजनों ने अपराधियों की शिकायत थाना में दर्ज कराई पर अपराध तो दर्ज हो गया पर पुलिस न जाने उन्हें पकड़ने में क्यों घबरा रही? खुलेआम वह घूम रहे हैं। वहीं परिजनों का कहना है कि पुलिस उन्हें संरक्षण दे रही है अब ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या पुलिस अपराधी किस्म के लोगों को संरक्षण देती है या फिर आम आदमी को न्याय दिलाने के लिए बैठी है?




### सीएसपी को पीड़ित ने सबूत देने के लिए सीसीटीवी कैमरा में कैद वीडियो का होना बताया पर सीएसपी का जवाब रहा एकदम रुखा

पीड़ित ने हुई घटना को सच साबित करने के लिए पुलिस को सीसीटीवी में कैद फुटेज की जानकारी दी ताकि उन्हें सच का सबूत मिल सके पर सीएसपी साहब सबूत को दरकिनार कर यह कहते पाए गए कि आपको कार्यवाही चाहिए या फिर सीसीटीवी अब सीएसपी साहब के इस वाक्य को सुनकर आप क्या समझेंगे यह भी सोचनीय विषय।

### पुलिस से कैसे करें न्यायिक उम्मीद?

अंबिकापुर पुलिस पूरी तरीके से एजेंट बनकर काम कर रही है अपराध वहां पर आते हैं पर लोगों को डरा धमका कर या फिर सांठ-गांठ कर उसे मामले को वहीं पर दबा दिया जाता है, यही वजह है कि वहां पर कानून व्यवस्था पूरी तरीके से चरमरा चुकी है वहां पर बैठे पुलिस कप्तान भी इसे गंभीरता से नहीं ले पा रहे हैं। आलम यह होता जा रहा है की अंबिकापुर सिटी कोतवाली के अंतर्गत गुंडागर्दी हावी होती जा रही। और सबसे अजीब बात तो यह है कि पुलिस को जहां लोगों के न्याय के लिए आनी चाहिए वहां पर वह आरोपियों को ही संरक्षण करते अमूमन देखे जाते हैं,पुलिस पर शहर के लोगों का यह भी आरोप है कि वहां पर पुलिस एजेंट की तरह काम करती है और पैसे लेने-देने पर अपराध दर्ज होते हैं और धाराएं बढ़ती और कम होती हैं।

### आखिर पुलिस क्यों नहीं गिरफ्तार कर रही आरोपियों को?

घटना के तीन दिन बाद भी पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है इसकी वजह न जाने क्या है? पर लोगों का मानना है कि पुलिस आरोपियों को संरक्षण दे रही है परिजनों का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी न होने की वजह से आरोपी दिनदहाड़े घूम रहे हैं और घरों में घुस के गाली-गलौज कर रहे हैं पर पुलिस इस पर कुछ भी नहीं कर रही है।

### सरगुजा के पुलिस कप्तान को लेना होगा संज्ञान

सरगुजा जिले के पुलिस कप्तान को भी इस मामले में संज्ञान लेना होगा ताकि पीड़ित को न्याय मिल सके और अपराधी को सजा, पीड़ित को सिर्फ अब यह उम्मीद सरगुजा पुलिस अधीक्षक से ही रह गई है क्योंकि स्थानीय अधिकारी व पुलिस तो आरोपी को संरक्षण देने में जुटे हुए हैं।

### जांच अधिकारी भी कर रहे खानापूर्ति

मामला गंभीर है एक व्यक्ति को काफी छोटे आई हैं पर इसके बावजूद जांच अधिकारी हाथ पर हाथ धरे धरे बैठे हुए हैं आरोपी को पकड़ने में उनकी दिलचस्पी बिल्कुल नहीं है और ऐसा लग रहा है कि आरोपी को संरक्षण भी यही दे रहे हैं।

## यह है पूरा मामला

मिली जानकारी के अनुसार मायापुर अंबिकापुर निवासी सुमित गुप्ता अपने मित्र सूरज गुप्ता को 17 नवंबर मतदान दिवस के दिन सुबह 10 :00 बजे उसके घर घुटारापारा छोड़ने जा रहा था इसी बीच चांदनी चौक नानंदाउ पान ठेला के पास मायापुर निवासी विक्की गुप्ता उर्फ विकेश एवं घुटरापारा निवासी दीपक उर्फ दीपू गुप्ता मिल गए और सुमित गुप्ता को पुरानी लड़ाई-झगड़ा की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे, जिस पर वह मामले को जैसे-तैसे कर शांत कर वहा से निकल कर इसकी शिकायत अंबिकापुर कोतवाली में देने पहुंचा जहां पर थाना प्रभारी मौजूद नहीं थे पर उसने लिखित शिकायत दे कर आया पर वहां पर मौजूद पुलिसकर्मी ने उसे पावती नहीं दी कहा कि 1 घंटे बाद आकर ले जाना। 1 घंटे बाद जब व अपने शिकायत की पावती लेने जा रहा था उसी समय उसी स्थान पर फिर से मायापुर निवासी विक्की गुप्ता व दीपक गुप्ता मिल गए और सुमित गुप्ता को गाली गलौज करने के बाद उसे लड़ाई करने लगे और एक युवक ने लोहे की रॉड से उसके ऊपर प्राण घातक घमला कर दिया और फिर उसे हाथ-मुक्का और डंडे से खूब मारे जिसे देख मोहल्लेवासियों ने बीच-बचाव किया तब कहीं जाकर आरोपी वहां से भागे। जिस वजह से सुमित बुरी तरीके से घायल हो गया और उसे घायल अवस्था में ही जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने गंभीर चोट भी बताई इसके बाद उसके परिजन वहां पहुंचे और परिजनों ने मारपीट की घटना की शिकायत फिर थाने में दर्ज कराई जिसके बाद मामला तो पुलिस ने पंजीकृत कर लिया पर आरोपियों को पकड़ने में उनकी दिलचस्पी बिल्कुल भी नहीं है, खुले आम व घूम रहे हैं और पीड़ित के परिजनों को गाली गलौज मोबाईल में कर रहे हैं और धमकी दे रहे हैं की रिपोर्ट वापस ले लो नहीं तो ठीक नहीं होगा। ऐसे में अंबिकापुर के कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठता है कि आखिर क्या पुलिस आरोपियों को संरक्षण देगी या फि र इतने गंभीर मामले में आदतन अपराधियों को गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही।

## संपादकीय

### पास-पड़ोस की करें चिंता

भारत के लिए आत्म-निरीक्षण का विषय है कि हाल तक उसके प्रभाव क्षेत्र में रहे देश क्यों अब उससे दूरी बनाते दिख रहे हैं? हाल ही में भूटान और चीन के बीच सीमा विवाद सुलझाने के मानदंडों पर सहमति बन गई। अब मालदीव ने भारत को झटका दिया है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू ने राष्ट्रपति पद की शपथ लेते ही भारत को अपने सैन्य कर्मियों को उनके देश से हटा लेने का औपचारिक अनुरोध पत्र दे दिया है। इस तरह यह अटकल गलत साबित हो गई है कि 'इंडिया आउट' का मुद्दा उनका सिर्फ एक चुनावी नारा था और सत्ता में आने के बाद वे इस बारे में अपना रुख नरम कर लेंगे। मोइज्जू के शपथ ग्रहण समारोह में गए केंद्रीय मंत्री किरण रिजूजू से इस बारे में औपचारिक अनुरोध करते हुए मोइज्जू ने कहा- 'सितंबर में हुए राष्ट्रपति चुनाव में मालदीव की जनता ने उन्हें भारत से ऐसा अनुरोध करने के लिए सशक्त जनादेश दिया।' उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत मालदीव के लोगों की इस लोकतांत्रिक इच्छा का सम्मान करेगा। बेशक, मोइज्जू के इस कदम से भारत के लिए एक असहज स्थिति पैदा हुई है। खासकर यह देखते हुए कि मोइज्जू की छवि चीन समर्थक नेता की है और हाल में उन्होंने चीन में आयोजित हुए बेल्ट एंड रोड फोरम में भी हिस्सा लिया था। जिस समय हर भू-राजनीतिक घटनाक्रम को दो खेमों में बंटती दुनिया के बीच खींचतान के संदर्भ में देखा जा रहा है, मालदीव के इस कदम को दक्षिण एशिया में चीन की एक और कामयाबी माना जाएगा। यह भारत के लिए आत्म-निरीक्षण का विषय है कि हाल के वर्षों तक उसके प्रभाव क्षेत्र में रहे देश अब क्यों उससे दूरी बनाते दिख रहे हैं? हाल ही में भूटान और चीन के बीच सीमा विवाद सुलझाने के मानदंडों पर सहमति बन गई, जिसे भारत के लिए एक झटका समझा गया है। मालदीव के बारे में मीडिया में आई रिपोर्टों में बताया गया है कि वहां भारत विरोधी माहौल बनने की शुरुआत योग का प्रसार करने के लिए ꘖस्थानीय आबादी की भावनाओं का बिना ख्याल किएꘖ दिखाए गए अति-उत्साह से हुई। इसका लाभ भारत विरोधी राजनीतिक गुटों ने उठाया। अगर ऐसी बातों में थोड़ा भी दम हो, तो यह जरूरी समझा जाएगा कि भारत सरकार अपने नजरिए में उचित बदलाव ले आए। पास-पड़ोस के जन मानस में भारत के लिए सद्भावना पैदा करना फिलहाल एक सही नीति होगी।

# गिरफ्तारी के बाद युवा कांग्रेस अध्यक्ष की बिगड़ी तबियत, संपत्ति को लेकर किया था बलवा



**खैरागढ़।** खैरागढ़ राज परिवार के उदयपुर में स्थित पैलेस में संपत्ति को लेकर दिसंबर 2021 विवाद के दौरान बलवे जैसी स्थिति बन गई थी. जिसमें स्व. राजा देवव्रत सिंह के समर्थक और ग्रामीण रानी विभा सिंह के विरोध में उग्र हो गए थे, जिससे राज परिवार का विवाद सड़क पर आ गया था. इस दौरान न केवल उदयपुर पैलेस का गेट टूटा बल्कि पुलिस के जवानों के साथ मारपीट भी हुई थी. तत्कालीन एसडीओपी की चार पहिया वाहन सहित रानी विभा सिंह के अधिवक्ता अनुराग झा के वाहन में भी तोड़फोड़ हुई थी. वहीं पूरे घटना के लगभग 1 साल 10 महीने बीतने के बाद अब पुलिस ने एक्शन लिया है और 6 अलग-अलग धाराओं के तहत जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गुलशन तिवारी सहित 7 अन्य को आरोपी बनाया है. जिसमें गुलशन तिवारी और दादू खान की गिरफ्तारी भी हुई है. वहीं गिरफ्तारी के बाद खैरागढ़ जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष गुलशन तिवारी को आनन फानन में खैरागढ़ सिविल अस्पताल में इलाज के लिए देर रात भर्ती कराया गया. इंचार्ज डॉक्टर ने बताया की वे क्रोनिक अल्कोहलिक है और दस बारह साल से अल्कोहल का सेवन कर रहा है. जिसके चलते डॉक्टर ने संदेह जताया है कि गुलशन को पेंक्रियाडाइटीस हो सकता है. विशेषज्ञों की सलाह के लिए उसे मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया जाएगा. वहीं पूरे मामले में अब राजनीति भी तेज होती दिखाई दे रही है. जहां भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह बोनी ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का काम ही सिर्फ गुंडागर्दी करना और उत्पात मचाना है. जन सेवा इनकी डिक्शनरी में कहीं नहीं है. जिसका नतीजा आज लगभग दो साल बाद यह गिरफ्तारी हुई है.

## क्रिकेट के दीवाने ध्यान दें! रायपुर में होने वाले इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया मुकाबले की इस दिन से शुरू होगी टिकट बुकिंग

**रायपुर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज का दूसरा मैच छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा. इस मैच को लेकर छत्तीसगढ़ के लोगों में खासा उत्साह है. इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया का यह मैच एक दिसंबर को होगा. इस मैच के टिकट को लेकर बड़ी अपडेट सामने आई है. छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने टिकट के रेट की घोषणा कर दी है. मैच का टिकट एक हजार रुपये से शुरू होगा और 25 हजार तक कीमत तय की गई है.



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 मैच को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि एक दिसंबर को मैच होगा. मैच की टिकट की बुकिंग 24 नवंबर को 11 बजे से टिकट शुरू होगी. पेटीएम के जरिये टिकट मिलेगी. पिछली बार ऑनलाइन टिकट कुरिअर के जानिए पहुंची थी. आखरि में आरडीसीए ग्राउंड पर भी टिकट लोगों ने कलेक्ट किया था. इस बार इंडोर स्टेडियम में टिकट के लिए कलेक्टिंग सेक्टर रहेगा. कुरिअर की व्यवस्था नहीं रहेगी.

### मैच के टिकट का रेट

भारत और ऑस्ट्रेलिया मैच के टिकट का रेट कार्पोरेट बॉक्स के लिए 25 हजार, प्लेटिनम 15 हजार, गोल्ड साढ़े 12 हजार, सिल्वर 10 हजार और स्टैंड केटेगिरी की कीमत एक हजार रुपये से शुरू होगी.

## आईएएस अधिकारियों की बल्ले-बल्ले, जनवरी 23 से मिलेगी महंगाई भत्ते की पुनरीक्षित दर, छत्तीसगढ़ शासन ने जारी किया आदेश




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कार्यरत आईएएस अधिकारियों की चांदी ही चांदी है. राज्य सरकार ने 22 नवंबर को आदेश जारी कर तमाम आईएएस अधिकारियों को एक जनवरी 2023 से पुनरीक्षित दरों पर महंगाई भत्ते के भुगतान करने कहा है. छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से तमाम विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर को जारी पत्र में बताया कि केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए भारत सरकार ने 1 जनवरी, 2023 से 38ꘖ से 42ꘖ पुनरीक्षित दरों से महंगाई भत्ता स्वीकृत किया है. इसके साथ ही ये पुनरीक्षित दरें अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों को लागू हो गई है. इस लिहाज से राज्य में कार्यरत अखिल भारतीय सेवाओं के सदस्यों को राज्य सरकार ने 1 जनवरी 2023 से पुनरीक्षित दरों से महंगाई भत्ता भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की है.

## केबल कारोबार में करोड़ों की ठगी का मामला

### ग्रैंड विजन फर्म के पार्टनर ने ही किया खेला, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस




**रायपुर।** केबल कारोबार में करोड़ों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है. छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े केबल फर्म ग्रैंड विजन के पार्टनर आकाश दास ने अपने साथियों के साथ मिल कर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की है. ग्रैंड विजन की ओर से थाना बसंतपुर राजनांदगांव में शिकायत दी थी कि फर्म के पार्टनर आकाश दास ने षड्यंत्र पूर्वक आपराधिक न्याय भंग करते हुए गबन किया है. मामले की जांच करने के बाद थाना बसंतपुर में तीनो आरोपियों के खिलाफ धारा 120 बी और 409 के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

जानकारी के मुताबिक आरोपी आकाश दास मुख्य रूप से राजनांदगांव का निवासी है. इसी वजह से उनके द्वारा केबल का संचालन राजनादगांव में किया जाता था. पिछले कुछ समय से फर्म के हिसाब किताब में काफी गड़बड़िया सामने आ रही थी. जिसके चलते जब इस बारे में आकाश दास से जानकारी मांगी गई तो वह हिसाब देने में टाल मटोल करते रहे. इसके बाद फर्म के हिसाब मिलान करने पर हिसाब किताब में भारी गड़बड़ी पाई गई.

आरोपी आकाश दास ने अपने साथियों के साथ मिल कर बिना किसी प्रयोजन या सहमति के बगैर अवैध रूप से ग्रैंड विजन के राशि को राजीव पंजियारा और नंदू भूतरा नामक व्यक्ति के खाते में अंतरित कर दिया गया. जबकि दोनो आरोपियों का ग्रैंड विजन से कोई नाता नहीं था. इस तरह सभी आरोपियों ने मिल कर ग्रैंड विजन के ग्राहकों से प्राप्त राशि को फर्म में जमा न कर उपरोक्त राशि का गबन कर फरार हो गए है. बता दें कि केबल कारोबारी आकाश दास, राजीव पंजियारा और नंदू भूतरा ने केबल फर्म ग्रैंड विजन से ग्राहकों द्वारा दिए गए करोड़ों रुपयों का गबन कर फरार हो गए हैं. इस मामले में थाना बसंतपुर ने तीनो के खिलाफ धारा 120 बी व 409 के तहत धोखाधड़ी समेत फर्जी दस्तावेज बनाने का अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है.

## राज्य दिवस पर भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में छत्तीसगढ़ की संस्कृति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध, समारोह देखने के लिए प्रगति मैदान पहुंचे लोग





**रायपुर।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2023 में प्रगति मैदान में यह शाम छत्तीसगढ़ की समृद्ध कला और संस्कृति से भरी शाम थी. छत्तीसगढ़ दिवस समारोह के अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने यहां एम्फीथिएटर में अपनी प्रस्तुतियों से सैकड़ों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. समारोह में छत्तीसगढ़ रेजिडेंट कमिश्नर श्रुति सिंह मुख्य अतिथि थीं और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

मुख्य अतिथि ने छत्तीसगढ़ मंडप का दौरा किया और शिल्पकारों और कारीगरों से बातचीत की. छत्तीसगढ़ पैवेलियन नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) के 42वें संस्करण में हथकरघा और हस्तशिल्प सहित अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहा है. इस वर्ष की थीम 'वसुधैव कुटुंबकम' को दर्शाते हुए 300 वर्ग फुट के क्षेत्र में प्रदर्शन के लिए कुल 10 स्टॉल लगाए गए हैं.

मंडप राज्य की प्रगति को प्रदर्शित कर रहा है. यहां हर क्षेत्र की विशेषता के अनुसार उनके औद्योगिक, कृषि, हर्बल और हस्तशिल्प उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है. इस वर्ष छत्तीसगढ़ पवेलियन का आयोजन प्रगति मैदान के हॉल नंबर 2, प्रथम तल पर किया गया है. आज प्रगति मैदान के एम्फीथिएटर में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद सांस्कृतिक दलों ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं. दर्शकों ने बस्तर की कुल देवी की आराधना के लिए नृत्य आमचो बस्तर की प्रस्तुति को तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा. कार्यक्रम में ददरिया गीत भी प्रस्तुत किया गया. भोजली नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे दर्शकों पर जादू कर दिया. समूह द्वारा हरेली त्यौहार के अवसर पर विशेष रूप से किये जाने वाले 'गौर नृत्य' एवं 'गेड़ी नृत्य' का प्रदर्शन किया गया.

महिला कलाकारों के समूह ने विशेष रूप से दिवाली उत्सव के दौरान किया जाने वाला लोक नृत्य 'सुआ नाचा' या तोता नृत्य दिखाया. यह पूजा से संबंधित नृत्य का एक प्रतीकात्मक रूप है. नर्तक एक तोते को बांस के बर्तन में रखते हैं और उसके चारों ओर एक घेरा बनाते हैं. फिर कलाकार ताली बजाते हुए उसके चारों ओर घूमते हुए गाते और नृत्य करते हैं. यह छत्तीसगढ़ की आदिवासी महिलाओं के प्रमुख नृत्य रूपों में से एक है. पुरुष कलाकारों के समूह ने सतनामी समाज के सबसे लोकप्रिय अनुष्ठानों में से एक लोक नृत्य 'पंथी' नृत्य दिखाया. समूह के नेता के नेतृत्व में एक गीत की संगत में धीमी गति के साथ नृत्य शुरू हुआ. धीरे-धीरे गति बढ़ती गई और एक मनमोहक वातावरण बन गया. जिसे वहां उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा.

# क्रेशर प्लांट हादसे में युवक की जिंदगी खत्म, 4 दिन बाद भी नहीं पहुंचे जिम्मेदार, आखिर कब होगी जांच और कब मिलेगा न्याय ?




## सो रहे खनिज विभाग के अधिकारी

जिले के खदानों में हो रहीदुर्घटनाओं की जानकारी बलौदाबाजार के जिला खनिज विभाग को नहीं रहती है. इस घटना की जानकारी भी खनिज विभाग को नहीं है. सवाल यह उठता है कि, क्रेशर संचालक द्वारा क्या सुरक्षा मानकों का प्रयोग किया जा रहा है या नहीं किया जा रहा है. इसके अलावा वहां कार्यरत मजदूरों का श्रम विभाग में पंजीयन है या नहीं. जब यह घटना घटी तब मृतक के साथ उसके साथ कार्यरत मजदूर क्या सुरक्षा उपकरण लगाए थे. इस बारे में अभी तक 4 दिन बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन का एक भी जिम्मेदार अधिकारी चाहे वह राजस्व का हो या श्रम विभाग या फिर खनिज विभाग का जांच करने नहीं पहुंचा है. वहीं इस बारे में जब कसडोल थाना प्रभारी ने बताया कि, मामले में एफआईआर दर्ज की गई है. साथ ही खनिज विभाग को पत्र लिखकर जांच कर अवगत कराने कहा गया है. जैसे ही उनके द्वारा जानकारी दी जाती है, उसके बाद कार्रवाई की जाएगी.

**बलौदाबाजार।** जिले में 4 दिन पहले आशु मिनरल्स एंड क्रेशर प्लांट में मशीन की मरम्मत करते वक्त एक युवक हादसे का शिकार हो गया. जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां उसने दम तोड़ दिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. लेकिन घटना के 4 दिन बीतने बाद भी अब तक राजस्व और खनिज विभाग की टीम जांच के लिए नहीं पहुंची है. ऐसे सवाल उठ रहा है कि, अधिकारी गहरी नींद में सो रहे हैं क्या. आखिर अब तक जांच के लिए क्यों नहीं पहुंचे. जिम्मेदारों का ये रवैय्या उनकी लापरवाही को साफ दिखता है.

बता दें कि, 4 दिन पहले कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी कला में स्थापित आशु मिनरल्स एंड क्रेशर प्लांट में मशीन की मरम्मत करते वक्त ऊपर से कोई भारी चीज धर्मेन्द्र केंवट नामक युवक पर गिर गई. घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हुआ. जिसे तत्काल इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया. जहां उसने दम तोड़ दिया. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही एसएसपी दीपक झा ने जांच के निर्देश दिए हैं.

## नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल का मुख्यमंत्री पद को लेकर बड़ा बयान, कहा- विधायक दल के साथ भाजपा संगठन तय करेगा चेहरा



**रायपुर।** प्रदेश में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि बीजेपी में किसी भी कार्यकर्ता को जिम्मेदारी मिलेगी, वह मुख्यमंत्री बनेगा. विधायक दल के साथ संगठन तय करेगा कि कौन मुख्यमंत्री बनेगा. नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने मीडिया से चर्चा में विधानसभा चुनाव में जीत का दावा करते हुए कहा कि अपने संवैधानिक अधिकार का जनता ने उपयोग किया. प्रदेश की जनता का आशीर्वाद बीजेपी को प्राप्त होगा. स्पष्ट बहुमत के साथ बीजेपी की सरकार बनेगी. सबका सहयोग मिला. खास तौर पर बीजेपी को माता और बहनों का विशेष समर्थन मिला.

**शराब के कारण बढ़े अपराध–** उन्होंने कहा कि शराब के कारण अपराध बढ़े, जिसका सीधा असर माता और बहनों पर पड़ा. महिलाओं का रुझान बीजेपी की तरफ देखने मिला. 3 दिसंबर को मतगणना में बीजेपी का कमल खिलेगा. वहीं रमन सिंह सीटों को लेकर किए गए दावे पर सीएम बघेल के बयान पर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि हमारा विश्वास बहुमत के लायक सीट होती है. वह बीजेपी को प्राप्त होगी.

**झीरम पर सीएम के बयान की ली चुटकी–** झीरम कांड पर सीएम बघेल के बयान पर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने चुटकी लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पांच साल से कह रहे थे कि सबूत मेरी कुर्ते की जेब में है. अब शायद कुर्ता का जेब सिलवा लिए होंगे, इसलिए नहीं निकाले. झीरम का आरोपी उनके मंत्रिमंडल में था. मोटरसाइकिल की जांच क्यों नहीं करवाते.

# साहब...अन्नदाताओं के साथ अन्याय क्यों ? 483 किसानों की मेहनत पर प्रशासनिक पलीता, धान बेचने के लिए दर-दर की खा रहे ठोकरें, आखिर कब होगा समाधान ?

**महासमुंद।** जिले में प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा अन्नदाताओं को उठाना पड़ रहा है. ग्राम अछोली के 483 किसान अपने खून–पसीने से उगाई गई धान को समर्थन मूल्य पर उपार्जन केन्द्र में नहीं बेच पा रहे हैं. वहीं सवाल अब ये खड़ा हो रहा है कि आखिर अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा किसानों को क्यों उठाना पड़ रहा है और इन जिम्मेदारों पर कार्रवाई कब होगी, जिनकी वजह से किसान दर–दर की ठोकरें खाने पर मजबूर हैं.




दरअसल, ग्राम अछोली मे 5.39 हेक्टेयर में 483 किसानों ने धान का उत्पादन किया है. सभी किसानों का 26 हजार 900 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर शासन को खरीदना है. ग्राम अछोली के किसान वर्षों से अपने धान को उपार्जन केन्द्र भोरिंग में बेचते आ रहे हैं. वहीं गांव वालों ने बेलटुकरी में नया धान उपार्जन केन्द्र खोलने की मांग की थी. शासन ने इस साल ग्राम बेलटुकरी और अछोली के किसानों के लिए बेलटुकरी में नया धान उपार्जन केन्द्र खोल भी दिया. नियमानुसार बेलटुकरी में नया धान उपार्जन केन्द्र खुलते ही ग्राम अछोली के सैकड़ों किसानों का डाटा भोरिंग उपार्जन केन्द्र से नए उपार्जन केन्द्र बेलटुकरी स्थानांतरित कर देना था, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही के कारण ग्राम अछोली के किसानों का डाटा आज तक बेलटुकरी उपार्जन केन्द्र में नहीं ट्रांसफर किया गया. जिसका खामियाजा किसानों को उठाना पड़ रहा है.

## कब होगी खरीदी

वर्तमान स्थिति में अछोली के 483 किसान अपना धान न तो भोरिंग और न ही अछोली में बेच पा रहे हैं. भोरिंग उपार्जन केन्द्र के कर्मचारी ये कह कर धान नहीं खरीद रहे हैं कि, इनका डाटा बेलटुकरी उपार्जन केन्द्र में चला गया है. वहीं बेलटुकरी उपार्जन केन्द्र के कर्मचारी इसलिए धान नहीं खरीद रहे हैं कि, इन किसानों का डाटा ऑनलाइन उनके उपार्जन केन्द्र में नहीं दिखा रहा है. किसान एक नवंबर से धान बेचने के लिए दोनों उपार्जन केन्द्र और शासकीय कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं. वहीं इस मामले में कोई भी शासकीय कर्मचारी और अधिकारी ये बता पाने में सक्षम नहीं है कि आखिर इन किसानों की धान कब तक खरीदी जाएगी.

## कागजों का दावा धरातल पर कब उतरेगा ?

प्रशासन धान खरीदी शुरु होने से पहले और नया उपार्जन केन्द्र खोलने से पहले सभी तैयारी करने का दावा करती है और आला अधिकारी एक माह पहले से ही तैयारियों की समीक्षा बैठक करते रहते हैं. उसके बावजूद भी खरीदी शुरु होने के 20 से 23 दिन बाद भी किसान को धान बेचने में दिक्कत आना और किसानों का शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाना प्रशासनिक अमले के दावों की पोल खोलता नजर आ रहा है.

## श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट में हुआ एलुमिनी मीट का आयोजन, 400 से ज्यादा छात्र-छात्राएं हुए शामिल




**रायपुर।** श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट में शनिवार को एलुमनी मीट का आयोजन किया गया. जिसमें 400 पूर्व छात्र–छात्राओं ने अपने परिवार के साथ भाग लिया. इंस्टीट्यूट के प्रिंसिपल डॉ. आलोक जैन और मीट के कोऑर्डिनेटर प्रो.आशीष पांडेय ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया.

कॉलेज के सभी पुराने विद्यार्थी आज देश और विदेशों में सफल मुकाम पर है. उन्होंने इसके लिए श्रेय कॉलेज को दिया. इसके पहले सभी एलुमनी के बीच बास्केट बॉल, वॉलीबाल और क्रिकेट का मैच हुआ. जिसके बाद हुई बिजनेस मीट में सभी ने अपने स्तर पर कॉलेज के लिए रिसर्च, इनोवेशन, स्टार्टअप और पेटेंट में निवेश और संसाधन उपलब्ध कराने की पेशकश की. जिसके लिए संस्था के चेयरमैन (बीजी) निशांत त्रिपाठी ने आभार जताया. आयोजन में पूर्व छात्र विनीत अग्रवाल और साथियो ने आयोजन को सफल बनाने में पूरा योगदान दिया. अंत में संस्था के वर्तमान छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, डीजे नाइट और डिनर का आयोजन हुआ. पूर्व छात्रों ने अपने समय के मोमेंट्स को आपस में साझा किया और कार्यक्रम का समापन एक–दूसरे को फिर से मिलने के वादे के साथ खत्म हुआ.

# सरकारी अधिकारी के फॉलो गाड़ी की टक्कर से युवक की मौत, हादसे के 18 दिन बाद भी प्रशासन ने नहीं ली सुध





**बलौदाबाजार।** शहर में चुनावी माहौल में चुनाव कार्य में लगे वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई थी. इस हादसे के 18 दिन बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है. वहीं एसएसपी दीपक झा ने कार्रवाई करने की बात कही है.

बता दें कि युवक की मौत भी उस वक्त हुई जब वह शिवरीनारायण से दीपावली के त्योहार के लिए अपने बच्चों के लिए पटाखा और अन्य सामान लेकर आ रहा था. इसी दौरान आब्जर्वर के पायलेंटिग के लिए लगी गाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई थी. इसके बाद कसडोल पुलिस ने 304 का मामला दर्ज कर लिया था. चौकाने वाली बात यह है कि पायलेंटिग में लगी इस गाड़ी का घटना के वक्त इंश्योरेंस नहीं था और वह पुलिस प्रशासन द्वारा किराए पर लिया गया था. वहीं घटना के 18 दिन बीत जाने के बाद भी कसडोल थाना पुलिस ने एसएसपी को यह जानकारी नहीं दी कि घटना के वक्त वाहन का एश्योरेंस नहीं था. मीडिया को उसके सूत्रों से मिली जानकारी पर पुलिस अधीक्षक से पूछा गया कि गाड़ी में एश्योरेंस नहीं था तब उन्होंने कहा कि आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है. मामला दर्ज हो गया है और धाराएं लगाकर कार्रवाई की जाएगी.

घटना के 18 दिन बीत जाने के बाद भी आज तक पुलिस वालों ने पीड़ित पक्ष का बयान नहीं लिया है, जिससे कार्रवाई धीमी है. सवाल यह भी उठ रहा है कि जिले में हो रही घटनाओं की जानकारी आखिर संबंधित थाना द्वारा पुलिस कप्तान को नहीं दी जा रही है. यह अपने आप में बड़ा सवाल है.

# रमन सिंह के 60 सीटों के दावे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का तंज,
## कहा- कार्यकर्ताओं का ढाढस बंधाए रखने के लिए कह रहे बात

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के सीटों के दावे पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसते हुए कहा कि जब उनकी लोकप्रियता चरम पर थी, तब 52 से 55 सीट से ऊपर नहीं गए, अब कहां से लाएंगे. ऐसा 3 दिसंबर तक अपने कार्यकर्ताओं का ढाढस बंधाए रखने के लिए कह रहे हैं.

राजस्थान में सभा और रोड शो के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एयरपोर्ट मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बीजेपी के सरकार गठन के बाद झीरम की जांच होगी वाले बयान पर कहा कि उस समय उन्हें किसने रोका था. धरमलाल कौशिक को कोर्ट किसने भेजा था. अडंगा डालने का काम किसने किया था? अब किसी भी प्रकार की बात करने में कोई संकोच नहीं है.



मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार थी. सीबीआई जांच हो यह विधानसभा में पारित किया था. भारत सरकार से जब आदेश आया, तब उसे दबाकर क्यों रखा था. रमन सिंह पता नहीं किस प्रकार के बयान लिखते और जारी करते हैं, क्योंकि सभी घटनाओं के लिए वही जिम्मेदार हैं. छत्तीसगढ़ की पुलिस जांच करेगी. अब वह बोले या नहीं बोले, जांच होगी. डीए बढ़ाए जाने पर डॉ रमन सिंह के पत्र लिखे जाने पर उन्होंने कहा कि वे आज डीए बढ़ाने के लिए पत्र लिख रहे हैं. रेलवे के लिए पत्र क्यों नहीं लिखते. ट्रेनें रद्द हो रही है, समय पर नहीं चल रही है. रेलवे में नौकरी के लिए भी उन्हें पत्र लिखना चाहिए. वे भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं. अमित शाह के सोनिया गांधी अपने बेटे को पीएम बनाना चाहती है वाले बयान पर भूपेश बघेल ने कहा कि वह अपने बेटे के लिए सोच रहे हैं, उनके बेटे में कौन सी योग्यता है? दूसरों के बेटे के बारे में क्यों बोलते हैं. अपने बेटे के बारे में बताओ कि उसमें क्या योग्यता है. राजस्थान के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान में आज दो कार्यक्रम है. एक रोड शो और दूसरी आम सभा है. आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है. फिर तेलंगाना में कार्यक्रम बन रहा है, वहां भी जाना है.




## अब गुंजेगी शहनाइयां, 30 नवंबर तक विवाह के 6 शुभ मुहूर्त

**रायपुर।** आज देवउठनी एकादशी से शादियां प्रारंभ हो जाएगी. 23 नवंबर को 5 माह के चातुर्मास की अवधि पूरी हो रही है. इसी दिन श्री हरि फिर योग निद्रा से बाहर आएंगे. इसी के साथ पिछले पांच माह से थमी शहनाइयां गूंजने लगेंगी तथा दूल्हों का घोड़ी पर चढने का इंतजार भी खत्म हो जाएगा. ऐसे में 23 नवंबर को देवउठनी एकादशी को स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त रहेगा. 23 से 30 नवंबर तक यानी 8 दिन में विवाह के 6 शुभ मुहूर्त है. पंचांग के अनुसार 23, 24, 25, 27, 28 और 29 नवंबर में विवाह मुहूर्त हैं. शादी-विवाह को आज भी परिवारों में शुभ मुहूर्त में मंगलकारी मानते हैं.देवउठनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु क्षीरसागर में 4 माह शयन के बाद जागते हैं. भगवान विष्णु के शयनकाल के चार मास में विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं. इसलिए देवोत्थान एकादशी पर श्री हरि के जागने के बाद शुभ तथा मांगलिक कार्य शुरू होते हैं. इसके बाद तुलसी विवाह का आयोजन भी किया जाता है.23 नवंबर को देवउठनी एकादशी मनाई जाएगी और 24 नवंबर को तुलसी विवाह होगा. कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 22 नवंबर को 11.03 मिनट बजे शुरू होगी और 23 नवंबर को 09.01 मिनट पर खत्म होगी.

## तुलसी विवाह के लिए रायपुर में सजा बाजार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी मतलब आज देवउठनी का पर्व मनाया जा रहा है. आज के दिन तुलसी माता का विवाह किया जाता है. इसके लिए गन्ने से घरों में मंडप बनाया जाता है. राजधानी में इस बार गन्ना 60 रुपए से लेकर 120 रुपए जोड़ी तक मिल रहा है. यह एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित रहता है. पूरे विधि विधान से भगवान विष्णु की पूजा की जाती है. बताया जाता है कि एकादशी व्रत से विष्णु की विशेष कृपा और मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है. आज के दिन भगवान विष्णु चार महीने का शयन काल पूरा करने के बाद जागते हैं. देवउठनी पर माता तुलसी के विवाह का आयोजन होता है. आज सभी मांगलिक कार्यों की भी शुरुआत होती है. रायपुर के आमापारा, गोलबाजार, आजाद चौक, त्नश्व रोड, टिकरापारा, जयस्तंभ चौक, गुढियारी, फाफाडीह, पुरानीबस्ती, बुढेश्वर चौक, डीडी नगर जैसे कई जगहों में गन्ने का बाजार सजकर तैयार है. बाजार में गन्ने के साथ, शकरकंद, बेर, चना भाजी, सिंघाड़ा, गेंदा के फूल, आंवला, जैसे कई पूजा की समान का बाजार लगा है.



## गाय ढूंढने निकले युवक की करंट की चपेट में आने से मौत, जांच में जुटी पुलिस

**बलौदाबाजार।** जिले में जंगली जानवरों के शिकार के लिए बिछाये गए तार के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई. इस घटना से परिवार में मातम छा गया है. यह घटना कसडोल थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव का है. घटना की सूचना पर कसडोल पुलिस जांच में जुट गई है. कसडोल थाना प्रभारी लखेश केंवट ने बताया कि बुधवार की शाम लगभग 7 बजे के आसपास सूचना मिली थी कि दो युवक अपनी गाय खोजने निकले थे. इसी दौरान एक युवक खगेश चौहान जंगली जानवरों के शिकार के लिए बिछाये गए तार की चपेट में आ गया और बेहोश हो गया है. दोस्त की सूचना पर घर वाले पहुंचे और युवक को हास्पिटल ले गए. जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है. घटना की सूचना पर पुलिस घटना स्थल पर तुरंत पहुंची पर रात्रि होने के कारण तार का पता नहीं चल पाया है. वहीं आज फिर से मामले की जांच की जा रही है. बता दें कि कसडोल के वनक्षेत्र से लगे गांव में जंगली जानवरों का शिकार लगातार होते रहता है और इनके शिकार के लिये करंट से युक्त तार बिछाते हैं. जिसकी चपेट में जंगली पशु तो आते हैं कभी-कभी मनुष्य भी आ जाता है और मौत हो जाती है. वन विभाग को जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न करते हुए कभी कभार खानापूर्ति के नाम पर कार्रवाई कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती है. फिलहाल देखने वाली बात होगी कि इस घटना के बाद कसडोल पुलिस और वन विभाग क्या कार्रवाई करता है.



## आयरन से भरी ट्रक में लगी आग

**बालोद।** आयरन ओर से भरी ट्रक में अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया. आग लगने से ट्रक जलकर खाक हो गया. अचानक टायर फटने के बाद आग लगने की बात कही जा रही है. यह घटना डौंडी थाना क्षेत्र के पुलिस बेरियर के पास की है. ट्रक में आग लगने के बाद ड्राइवर ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई. बताया जा रहा कि कच्चे की ओर से ट्रक बालोद की तरफ जा रहा था. तभी अचानक आग लग गई. घटना की सूचना मिलने के बाद डौंडी पुलिस मौके पर पहुंची है. आग बुझाने फायर ब्रिगेड की गाड़ी का इंतजार कर रहे हैं. सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस गाड़ी के समीप किसी को भी नहीं जाने दे रही है. सड़क के दोनों तरफ राहगीरों को पुलिस ने रोक दिया है. भानुप्रतापपुर बालोद राजनांदगांव सड़क मार्ग आधे घंटे से बंद होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.



## कारोबारी के बेटे ने लगाई फांसी

**बिलासपुर।** कारोबारी के बेटे ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली. आत्मघाती कदम उठाने से पहले युवक अपनी गर्लफेंड से वीडियो कॉल में बात कर रहा था. कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है. यह घटना तोरवा थाना क्षेत्र के हेमूनगर की है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है और जांच में जुट गई है.

## रायपुर में आईटी की दबिश, दस्तावेजों को खंगाल रहे अफसर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर आईटी की टीम ने दबिश दी है. राजधानी के मोवा स्थित श्री निवास रोडलाइंस के ठिकानों पर आईटी की टीम ने छापा मारा है. आईटी के अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे. आईटी की मोवा स्थित दफ्तर पर 2 दिनों से छापेमार कार्रवाई जारी है. रोड लाइंस कंपनी पर आयकर चोरी की शिकायत पर रेड कार्रवाई की गई है. दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है.



## कार में लगाई आग, दो दिन में दूसरी घटना, हिरासत में आरोपी

**दुर्ग।** भिलाई के छावनी क्षेत्र में फिर कार जलाने का मामला सामने आया है. छावनी बस्ती में टाटा मांजा कार में देर रात आग लगने से हड़कंप मच गया. दो दिन में दो कारों में आग लगने से पुलिस की कानून व्यवस्था पर सवाल उठने लगा है. दुर्ग पुलिस के लिए बढ़ती चोरी, लूट, आगजनी की घटनाएं चुनौती बनी है. आग से कार जलकर खाक हो गई है. घटना की सूचना मिलते ही जामुल थाना पुलिस मौके पर पहुंची है. सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान हो गई है. पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है.

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212






आमजन, गरीब-मज़लूमों पर होने वाले अत्याचार के विरुद्ध क्रांतिकारी पत्रकारिता का नाम है भारत सम्मान, जब शासन-सत्ता में बैठे ऐसे लोग जो पद-पावर के नशे में चूर होकर करते हैं अपने कर्तव्यपालन में चूक तो भारत सम्मान करता है उन्हें दुरुस्त...

2011 से भारत सम्मान आगे बढ़ रहा है और मिसाल क़ायम कर रहा है ईमानदार पत्रकारिता की..

भारत सम्मान दैनिक समाचार पत्र के साथ-साथ वेबसाईट - www.bharatsamman.com, फेसबुक पेज - Bharat Samman व यू-ट्यूब - Bharat Samman News के माध्यम से जनहित के खबरों को प्राथमिकता देते हैं। हमारा दावा है यदि आप पर ज़ुल्म हुआ है, आप न्याय के लिए कर रहे हैं संघर्ष तो केवल एक ही नाम आपको याद होना चाहिए...

भारत सम्मान

इसी क्रांतिकारी मुहिम से निम्न जगहों पर जुड़ने के लिए सम्पर्क करें

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, उत्तर प्रदेश, उतराखण्ड, बिहार, बंगाल व देश के सभी राज्यों में ब्यूरो व संवाददाता बनने संपर्क कर सकते हैं।

इन पदों में होंगे नियुक्त...

1 - राज्य ब्यूरो प्रमुख
2 - राज्य अपराध ब्यूरो प्रमुख
3 - जिला ब्यूरो प्रमुख
4 - जिला अपराध ब्यूरो प्रमुख
5 - तहसील संवाददाता
6 - तहसील अपराध संवाददाता

अपना फोटो लगा बायोडाटा हमारी ई-मेल आईडी bharatsammannews@gmail.com या व्हाट्सएप No. 07828866957 पर भेजे।

नोट

1. केवल ईमानदार लोग ही संपर्क करें, पत्रकारिता के नाम पर वसूली करने अथवा ब्लैकमेल करने वालों से हमारा कोई वास्ता नहीं
2. यहां नौकरी नहीं दी जाती है, यदि हमारे संस्था के नाम का गलत इस्तेमाल करता है, तो हमारे द्वारा जारी नंबर पर शिकायत जरूर करें।

प्रसार/प्रबंध
सम्पादक
भारत सम्मान न्यूज नेटवर्क
07828866957
09303890212

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547